**Regarding alleged non-functioning of a Sainik Rest House in Sirmaur district since September 2024**

श्री सुरेश कुमार कश्यप **(**शिमला**) :** सभापति महोदया, हिमाचल प्रदेश देव भूमि के साथ-साथ वीर भूमि भी है। पहला परमवीर चक्र मेजर सोमनाथ, जो हिमाचल प्रदेश से थे, को मिला। जब कारगिल का युद्ध हुआ था तो उसमें भी 4 परमवीर चक्र हिमाचल प्रदेश को मिले।

महोदया, मेरे संसदीय क्षेत्र में जिला सिरमौर, पांवटा साहिब में एक सैनिक रेस्ट हाउस बना। सैनिक बोर्ड की मदद से, उस राशि से वर्ष 2010 में उसका निर्माण किया गया। लेकिन 1 सितंबर, 2024 को प्रदेश की सरकार ने उसको बिना किसी नोटिस के बंद कर दिया, जिसके कारण जो सैनिक हैं, भूतपूर्व सैनिक हैं या वीर नारियां हैं, उनको बहुत दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

मैं आपके माध्यम से केन्द्रीय गृह मंत्री जी से आग्रह करूंगा कि इसमें इंटरवीन करें और सैनिकों के लिए जो रेस्ट हाउस बना है, उसकी सुविधा सैनिकों को दी जाए।

बहुत- बहुत धन्यवाद।